मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-87
09/03/2022

मुख्यमंत्री ने रग्बी में राष्ट्रीय चैम्पियन बनी टीमों को किया पुरस्कृत, बालिका एवं बालक वर्ग की टीम को सौंपे ढाई–ढाई लाख रूपये के चेक

पटना, 09 मार्च 2022 :– सिकंदराबाद में 05 एवं 06 मार्च 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर (अंडर– 14 बालक–बालिका) प्रतियोगिता में बिहार रग्बी दल के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रशंसा की। बालिका एवं बालक दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आज मुख्यमंत्री ने बिहार विधानमण्डल के विस्तारित भवन में चैम्पियन टीमों को ढाई–ढाई लाख रूपये का चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चैम्पियन खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि खूब आगे बढ़ें और देश में टॉप करते रहें। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है, इसमें खिलाड़ी खूब बढ़–चढ़कर हिस्सा लें।

ज्ञातव्य है कि रग्बी फुटबॉल खेल विधा 1998 से भारत में प्रारंभ हुआ है। यह दलीय स्पर्द्धा वाला खेल है। रग्बी की विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार के खिलाड़ी 2015 से लगातार पदक प्राप्त करते आ रहे हैं। बिहार के रग्बी खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय रग्बी दल में बिहार के कई खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाया है एवं बेस्ट प्लेयर के रूप में सम्मानित भी हुये हैं। राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिताओं में विगत कई वर्षों से पदक बिहार को प्राप्त हो रहे हैं।

रग्बी खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से रग्बी के लिये एकलव्य सेंटर खोलने की मॉग की। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन, सचिव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग श्रीमती बंदना प्रेयसी, खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविन्द्रण शंकरण, रग्बी खेल संघ के सचिव श्री पंकज ज्योति तथा चैम्पियन टीम के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी उपस्थित थे।

******